गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

क्रमांक :– एफ ( ) गोगुजवि / बांस / 2021 4510 दिनांक– 29/01/2022

PRINTING WORK FOR CONFIDENTIAL PRINTERS NOTICE INVITING REGARDING CONFIDENTIAL INFORMATION

गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा, राजस्थान की विभिन्न परीक्षाओं हेतु गोपनीय छपाई हेतु प्रथम चरण में उन मुद्रणालयों से सूचना आमंत्रित की जाती है जो Indian Bank's association द्वारा पंजीकृत हो तथा जिनका गोपनीय छपाई से सम्बन्धित कार्य का अनुभव 10 वर्ष या उससे अधिक है एवं वर्तमान में कार्यरत हो तथा जिनका पिछले 5 साल का वार्षिक टर्न ओवर वर्ष वार 10 करोड रूपये से अधिक हो। यह सूचना दिनांक 07 फरवरी 2022 तक दिए गए पते पर प्रेषित करनी है।

इसके लिए प्रेस के चयन के क्रम में प्रथम चरण में जो प्रेस निर्धारित योग्यताऐं पूर्ण करती है उनसे निम्नानुसार सूचनाए आमंत्रित की जाती है।

अधोलिखित सूचनाएं मात्र मुद्रणालय को शोर्ट लिस्टिंग के लिए काम में ली जायेगी। शोर्ट लिस्टेड मुद्रणालय से वित्तिय दरें पृथक से आमंत्रित की जायेगी।

1. फर्म का नाम – पता व स्वामित्व विवरण।
2. फर्म/कम्पनी के रूप का पंजीयन प्रमाण पत्र।
3. फर्म / कम्पनी का पिछले 05 साल का चार्टेड एकाउन्टेट द्वारा प्रमाणित वर्षवार वार्षिक टर्न ओवर / ओडिट बेलेन्स शीट 05 साल का वर्षवार चुकाए आयकर, वाणिज्य कर सेवा कर का प्रमाण विवरण।
4. प्रेस कितने वर्षो से इस कार्य में कार्यरत है।
5. पिछले 10 वर्षों में कितने राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय, बोर्ड व सर्विस आयोगों एवं अन्य सरकारी संस्थाऐं के लिए गोपनीय कार्य करते रहे है।
6. क्या प्रिंटिंग प्रेस आधुनिक कम्प्यूटराईज, स्वचालित है, कौन–कौन से कार्य हाथ से किये जाते है।
7. प्रेस के पास हिन्दी, अंग्रेजी, सिंधी, गुजराती, पंजाबी, संस्कृत, उर्दू व अन्य भाषाओं के मैनुस्क्रीप्ट से शुद्ध टंकन की क्या व्यवस्था है।
8. प्रेस के पास हिन्दी, अंग्रेजी, सिंधी, गुजराती, पंजाब, संस्कृत व अन्य भाषाओं के प्रश्न पत्रों की प्रुफ रीडिंग की क्या व्यवस्था है।
9. प्रेस के पास परीक्षा केन्द्रवार संख्यानुसार प्रश्न पत्रों की छटनी व पैकिजिंग की क्या व्यवस्था है।
10. प्रश्न पत्रों पर नम्बरिंग की क्या व्यवस्था है।
11. प्रेस के पास केन्द्रवार प्रश्न पत्रवार बने पैकेटस को किस प्रकार के लिफाफे में रखने की व्यवस्था है।
12. प्रेस के पास इन लिफाफे के सीलिंग की क्या वर्तमान व्यवस्था है। क्या प्रेस के पास ट्रेडिशनल वैक्स सीलिंग के स्थान पर टेम्पर्ड इवीडेन्ट लिफाफे की व्यवस्था है या कर सकती है।
13. प्रेस के पास इन सील्ड लिफाफों की परीक्षा केन्द्रवार जमा कर पूर्ववत नए कोरूगेटेड बॉक्स में रखने व पैकेजिंग की क्या व्यवस्था है।

परीक्षा नियन्त्रक
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राज.)

14. प्रेंस की सिक्यूरिटी की क्या व्यवस्था है।

15. प्रेस के पास प्रश्न पत्रों के परिवहन की क्या व्यवस्था है।

16. प्रेस के मुख्यालय के अतिरिक्त ओर कौन–कौन से प्रांत में कार्यालय है।

17. क्या प्रेस मल्टीपल प्रश्न पत्रों का एक साथ ABCD के क्रम में छपाकर ऑटोमेटिक तरीके से उन्हें ABCD- ABCD- ABCD के क्रम में जमाने की क्षमता रखती है।

18. प्रेस के पास इन समस्त कार्यो की गोपनीयता बनाए रखने की क्या व्यवस्था है।

19. प्रेस से गोपनीयता भंग होने की स्थिति में जीरों भुगतान की शर्त मानने को तैयार है अथवा प्रेस का प्रस्ताव कितने प्रतिशत कटौती का है।

20. क्या प्रेस निविदा शर्तो के उल्लघंन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन/कुलसचिव को क्षतिपूर्ति निर्धारण का पूर्ण अधिकार देने को तैयार है।

21. अन्य प्रमाणित सूचानाएं जो प्रेस अपने मामले के विचारार्थ देना चाहे।

22. प्रेस को Indian Bank's association से पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि प्रस्तुत करनी होगी।

23. उपरोक्त समस्त सूचनाएं एवं उनसे संबंधित आवश्यक प्रमाण–पत्र प्रेस तीन सिल्ड कवर लिफाफों में दिनांक 07 फरवरी 2022 तक निम्न पते पर प्रेषित करे।

डॉ0 नरेन्द्र पानेरी
परीक्ष नियत्रंक
आदिनाथ रोड़ नं. 05 बाहुबली कॉलोनी,
बांसवाड़ा (राज)। 327001

- सबसे बहारी कवर भेजने वाले का छद्म नाम व छद्म पता होना चाहिये तथा उपरोक्त सूचना का लिफाफा प्रेस के कार्यालय से कम से कम 100 किलोमीटर दूर के पोस्ट ऑफिस से पोस्ट किया जावे।
- दूसरे कवर पर पहले से भिन्न छद्म नाम छद्म पता होना चाहिए।
- तीसरे कवर पर भेजन वाले का सही नाम व पता होना चाहिंये इस कवर के अन्दर उपरोक्त जानकारी अन्य जानकारी जो प्रेस को देनी चाहिए वे रखे।

परीक्षा नियत्रंक

परीक्षा नियन्त्रक
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राज.)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, जीजीटीयू, बांसवाड़ा।
2. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियत्रंक

परीक्षा नियन्त्रक
गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राज.)